रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी 110010
CGDA ULAN BATAR ROAD PALAM DELHI CANTT -110010

स.प्रशा/VIII/8201/2/भर्ती नियम/कैंन्टीन स्टाफ                    दिनांक 24/02/2015

सेवा मे,

सभी र.ले.प्र.नि./प्र.ले.नि.(फै.)/र.ले.नि./क्षे०प्र०के०

विषय:- रक्षा लेखा विभाग के कैंन्टीन सहायक पद के भर्ती नियम ।

रक्षा लेखा विभाग के कैंन्टीन सहायक पद के भर्ती नियम जो कि का.नि.आ. 72 दिनांक 21 नवम्बर 2014 को भारत के राजपत्र मे प्रकाशित हो चुके है, रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाईट पर उपलब्ध है ।

( बी0 चंद्रा )
लेखा अधिकारी (प्रशा०)

प्रतिलिपि:-
ई डी पी अनुभाग (स्थानीय):-रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेब साईट पर अपलोड करने हेतू ।

-हस्ताक्षरित---
( बी0 चंद्रा )
लेखा अधिकारी (प्रशा०)

रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003—05

REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक
पुस्तकालय

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 25] नई दिल्ली, नवम्बर 30—दिसम्बर 6, 2014, शनिवार/अग्रहायण 9—अग्रहायण 15, 1936

No. 25] NEW DELHI, NOVEMBER 30—DECEMBER 6, 2014, SATURDAY/AGRAHAYANA 9—AGRAHAYANA 15, 1936

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भाग II—खण्ड 4
## PART II—Section 4

### रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
### Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

रक्षा मंत्रालय

(वित्त प्रभाग)

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2014

**का.नि.आ. 72.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और रक्षा लेखा विभाग अकानूनी कैन्टीन (समूह 'ग' और समूह 'घ') भर्ती नियम, 2000, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है, या किए जाने का लोप किया गया है, रक्षा लेखा विभाग में कैन्टीन सहायक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभः**— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा लेखा विभाग अकानूनी कैन्टीन (कैन्टीन सहायक) भर्ती नियम, 2014 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन या वेतनमान.**—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण, वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन या उससे संबद्ध वेतनमान इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची के स्तंभ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.**—उक्त पदों की भर्ती की विधि, आयु-सीमा, अर्हताएं तथा इससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (14) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

**5. शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

**6. व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई भी बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों तथा अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन बैंड और ग्रेड वेतन या वेतनमान | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| कैन्टीन सहायक | 247* (2014)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है । | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन बैंड-1, 5200—20,200 रु.+ ग्रेड वेतन 1800 रु. | लागू नहीं होता | 18 से 25 वर्ष के बीच<br>(केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 40 वर्ष तक की जा सकती है )<br>**टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उप-खंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।) |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं पास या समतुल्य | लागू नहीं होता | दो वर्ष |

| भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनमें से पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति किया जाएगा |
|---|---|
| (10) | (11) |
| सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं होता |

| यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति ( पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए ) :—**<br>**1. रक्षा लेखा महानियंत्रक से भिन्न अन्य कार्यालयों के लिए :**<br>(i) रक्षा लेखा नियंत्रक/रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक —अध्यक्ष<br>(ii) रक्षा लेखा उप-नियंत्रक/रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक —सदस्य<br>(iii) ज्येष्ठ लेखा अधिकारी — सदस्य<br>**2. रक्षा लेखा महानियंत्रक के कार्यालय के लिए :**<br>(i) रक्षा लेखा ज्येष्ठ उप महानियंत्रक/रक्षा लेखा उप महानियंत्रक —अध्यक्ष<br>(ii) रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक —सदस्य<br>(iii) ज्येष्ठ लेखा अधिकारी — सदस्य | लागू नहीं होता । |

[फा. सं. 9(4)/सी/2011]

देविका रघुवंशी, संयुक्त सचिव और अपर वित्तीय सलाहकार

**MINISTRY OF DEFENCE**

(Finance Division)

New Delhi, the 21st November, 2014

**S.R. O. 72.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Defence Accounts Department Non-statutory Canteens (Group 'C' and 'D') posts Recruitment Rules, 2000, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Canteen Attendant in the Defence Accounts Department, namely:-

**1. Short title and Commencement.**— (1) These rules may be called the Defence Accounts Department, Non-statutory Canteens (Canteen Attendant) Recruitment Rules, 2014.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of posts, classification, Pay Band and Grade Pay or Pay Scale.**— The number of the said posts, its classification and the pay band and grade pay or pay scale attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age limit, qualifications, etc.**— The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in column (5) to (14) of the afore said Schedule.

**4. Disqualification.** — No Person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.** — Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.** — Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and any other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of the post | Number of post | Classification | Pay Band and Grade Pay or Pay Scale | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Canteen Attendant | 247* (2014) *Subject to variation dependent on workload. | General Central Services, Group 'C', Non-Gazetted Non-Ministerial | Pay Band-1, Rs. 5200—20,200 puls Grade Pay of Rs. 1800 | Not applicable | Between 18 to 25 years. (Relaxable for Government Servants upto the age of 40 years in accordance with the instructions or orders issued time to time in this regard ).<br><br>**Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep). |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| 10th pass or equivalent from a recognized Board. | Not applicable | Two years |

| **Method of recruitment:** whether by direct recruitment or by promotion or by deputation and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation, grades from which promotion or deputation to be made |
|---|---|
| (10) | (11) |
| By direct recruitment | Not applicable |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering confirmation) :—**<br>**1. For Posts in other offices under the Controller General Defence Accounts Office:—**<br>(i) Controller of Defence Accounts/Joint Controller of Defence Accounts —Chairman<br>(ii) Deputy Controller of Defence Accounts/Assistant Controller of Defence Accounts —Member<br>(iii) Senior Accounts Officer —Member<br>**2. Controller General Defence Accounts Office :—**<br>(i) Senior Deputy Controller General of Defence Accounts/Deputy Controller General of Defence Accounts —Chairman<br>(ii). Assistant Controller General of Defence Accounts —Member<br>(iii) Senior Accounts Officer —Member | Not applicable. |

[F. No. 9(4)/C/2011]

DEVIKA RAGHUVANSHI, Jt. Secy. and Addl. Financial Adviser

4626GI/14-2

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.